Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to provide railway connectivity to the Kushinagar International Airport.

श्री विजय कुमार दुबे (कुशीनगर) : सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान कुशीनगर के बौद्ध सर्किट एरिया की तरफ ले जाना चाहता हूं, जहां भगवान बुद्ध का महापरिनिर्वाण स्थल है।...(व्यवधान) उस बौद्ध सर्किट एरिया को एक दार्शनिक और धार्मिक स्थल के रूप में दुनिया के मानचित्र पर ले जाने के उद्देश्य से बीती 20 अक्टूबर को हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने वहां पर एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उदघाटन किया है।...(व्यवधान)

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से यह निवेदन करना चाहता हूं कि पूरे देश में एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा कुशीनगर का है, जोकि रेल सुविधा से वंचित है।...(व्यवधान) गोरखपुर से कुशीनगर और कुशीनगर से पडरौना की परियोजना के लिए पिछले सत्र में रेल मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश की सरकार से 50 प्रतिशत अनुदान मांगा था।...(व्यवधान) लेकिन इस कोविड काल में राज्य सरकार वह अनुदान देने में अक्षम है। अतः मेरा यह निवेदन है कि पूर्ण धन आवंटन कराकर इस परियोजना को पूरा कराया जाए।...(व्यवधान)